भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2653
उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2024

डाकघर सेवा

2653. श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी :
डॉ. नामदेव किरसान :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देशभर में डाकघरों की संख्या का ब्यौरा क्या है, इन डाकघरों में कुल कितने बचत खाते हैं तथा उनके खाताधारकों को क्या सुविधाएं प्रदान की जाती हैं;

(ख) क्या संचार प्रणालियों के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए देश के सभी प्रमुख गांवों में डाकघर स्थापित किए गए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या देश के सभी डाकघरों को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो आधुनिकीकरण प्रयासों की विशिष्टताओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) देशभर में कुल 1,64,987 डाकघर (प्रधान डाकघर, उप-डाकघर और शाखा डाकघर) प्रचालनरत हैं और इन डाकघरों में कुल 7,58,00,677 बचत खाते हैं।

बचत खाताधारकों को ऑटोमेटिड टेलर मशीन (एटीएम), चेक बुक, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, विभिन्न प्रकार के एसएमएस अलर्ट, जमा-शेष देखने के लिए ई-पासबुक और खाता विवरणी, नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) और रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) के माध्यम से बैंक खाते से डाकघर खाते में निधि अंतरण और विलोमत:, बैंक खाते में ब्याज और परिपक्वता राशि क्रेडिट करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सेवा (ईसीएस) सुविधा के साथ-साथ कोर बैंकिंग प्रणाली (सीबीएस) के तहत इंटरेक्टिव वॉयस रिस्पॉन्स सिस्टम (आईवीआरएस) की सुविधा प्रदान की गई है।

(ख) और (ग) ग्रामीण क्षेत्रों में, देश के सभी गांवों को कवर करते हुए कुल 1,49,164 डाकघर (प्रधान डाकघर, उप-डाकघर और शाखा डाकघर) प्रचालनरत हैं। इनमें 2017-18 से 2021-22 के दौरान वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में खोले गए 4903 डाकघर तथा वित्तीय समावेशन के उद्देश्य से 2023-24 में बैंकिंग सुविधाओं से वंचित गांवों के 5 कि. मी. के भीतर खोले गए 5746 नए डाकघर भी शामिल हैं।

(घ) और (ड.) देश के सभी विभागीय डाकघरों को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आधुनिकीकरण परियोजना के तहत कम्प्यूटरीकृत कर नेटवर्क से जोड़ा गया है। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचालनरत सभी शाखा डाकघरों को डाक, वित्तीय और बीमा संबंधी लेन-देन कार्य ऑनलाइन रूप से करने के लिए मोबाइल एवं बायोमेट्रिक उपकरण तथा थर्मल प्रिंटर प्रदान किए गए हैं।

*****